## कार्यालय महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, 6वॉ तल जवाहर भवन, लखनऊ।

संख्या–एम0ई0–3 / यू0जी0–2022 / 49 लखनऊःदिनांकः 10 जनवरी, 2023

## आवश्यक सूचना

विशेष अनुज्ञा याचिका (सिविल) संख्याः17003 / 2022 एम0टी0वी0 बुद्धिस्ट रिलिजीयस एण्ड चैरिटेबिल ट्रस्ट बनाम उ0प्र0 राज्य व अन्य में मा0 उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली के आदेश दिनांक 06.01.2023 मे निम्नांकित आदेश पारित किए गये हैः–

**"Ms. Garima Prasad, learned AAG appearing on behalf of the State of Uttar Pradesh and Shri Gaurav Sharma, learned Standing Counsel for the National Medical Council fairly state that the seats could be filled up by the State Government from the waiting list prepared by the State Government in the last mop up round and they further submit that the seats would be filled up strictly on the basis of respective merits.**

**In that view of the matter, I.A. No.966 of 2023 is allowed permitting the State Government to fill up 71 vacant posts in the college run by the petitioners from the waiting list prepared in the mop up round.**

**We clarify that this order is being passed in the peculiar facts and circumstances and will not be treated as a precedent.**

**The seats shall be filled up within a period of one week from today."**

म0 न्यायालय के उक्त आदेशो के अनुपालन मे सुभारती मेडिकल कालेज, मेरठ के अन्तर्गत एम0बी0बी0एस0 पाठ्यक्रम की अल्पसंख्यक समुदाय (बौद्ध) की रिक्त 71 सीटो को विशेष राउण्ड के माध्यम से आवंटन / प्रवेश की कार्यवाही दिनांक 12.01.2023 को पूर्वाह्न 10:30 बजे निम्नांकित दिशा–निर्देश एवं शासनादेश के अनुसार सम्पन्न की जायेगी। उक्त आवंटन / प्रवेश मा0 उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली द्वारा पारित अन्तिम आदेश के अधीन होगाः–

- विशेष राउन्ड का आयोजन **महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, 6वॉ तल, जवाहर भवन, लखनऊ के सभागार मे** किया जायेगा।
- निर्धारित तिथि व समय पर अभ्यर्थियो की व्यक्तिगत उपस्थिति अनिवार्य है।
- विशेष राउण्ड हेतु कोई भी पृथक पंजीकरण नहीं किया जायेगा। ऑन–लाइन मॉप–अप राउन्ड सें पंजीकृत अभ्यर्थी ही विशेष राउण्ड हेतु अर्ह होंगे।
- **यू0पी0 नीट यू0जी0 2022 की प्रथम, द्वितीय चक, माप–अप राउण्ड एवं विस्तारित मॉप–अप राउण्ड से आवंटन प्राप्त प्रवेशित / अप्रवेशित / त्याग पत्र देने वाले अभ्यर्थी विशेष राउन्ड हेतु अर्ह नही है।**
- **ऐसे अभ्यर्थी जो भारतवर्ष के किसी मेडिकल कालेज / संस्थान / विश्वविद्यालय में नीट यू0जी0–2022 के माध्यम से प्रवेशित है वह विशेष राउण्ड हेतु अर्ह नहीं होगे।**
- आवंटन के पश्चात् प्रवेश प्रकिया On Spot पूर्ण की जायेगी।
- **आंवटित अभ्यर्थियों को प्रवेश के समय ही एम0बी0बी0एस0 पाठ्यकम हेतु न्यूनतम रू0 11,85,133 /– का सी0टी0एस0** बैंक ड्राफ्ट जो महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण उ0प्र0 **(Director General Medical Education & Training,U.P) Payable at Lucknow** के पक्ष में देय हो, को प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
- **यदि कोई अभ्यर्थी यू0पी0 नीट 2022 के माध्यम से बी0डी0एस0 पाठ्यकम मे प्रवेशित है, तो ऐसे अभ्यर्थी सिक्योरिटी मनी रू0 2.00 लाख जमा करते हुए विशेष राउण्ड मे प्रतिभाग कर सकते है।**
- **बी0डी0एस0 में प्रवेशित इच्छुक छात्रो द्वारा विशेष राउण्ड मे प्रतिभाग करने हेतुं संबंधित कालेजो से त्याग–पत्र देते हुए मूल प्रमाण–पत्रों के साथ आवंटन हेतु उपस्थित होना अनिवार्य है।**
- *विशेष राउन्ड की प्रवेश प्रकिया के समय अभ्यर्थी को समस्त शैक्षणिक, आरक्षण संबंधी प्रमाण पत्र व अन्य आवश्यक प्रपत्र मूलरूप में प्रस्तुत करना अनिवार्य है, अन्यथा की स्थिति में आवंटन / प्रवेश पर विचार नही किया जायेगा।*
- अन्य महत्वपूर्ण सूचनायें एवं विस्तृत विवरण वेबसाईट https://upneet.gov.in & www.dgme.up.gov.in पर देखी जा सकती है। अद्यतन सूचनाओं की जानकारी हेतु समय–समय पर उक्त वेबसाईट का अवलोकन करते रहें।

महानिदेशक